प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 30.04.2025 **समय : 02.10PM**

अक्षय तृतीया

आज अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया पर मुख्य रूप से देवी लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर महाराज की उपासना की जाती है। अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। आज परशुराम जयंती भी हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि इंदौर जिले के जानापाव में भगवान श्रीकृष्ण को भगवान परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था। इसलिये हम जानापाव के साथ ही श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित प्रत्येक स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित करेंगे। राज्य के आगरमालवा शिवपुरी,जबलपुर,नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों में भी आज बड़ी संख्या में वैवाहिक और मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री धार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के उमरबन में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025–26 की प्रथम किश्त का वितरण करेंगे। योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की तीन समान किस्तों में राशि प्रदान की जाती है। डॉ. यादव मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होंगे। वहीं मुख्यमंत्री धार में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे ।

वेव्स 2025

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

चारधाम यात्रा

अक्षय तृतीया के अवसर पर उत्तरकाशी जिले में श्रद्धालुओं के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा आज शुरू हो गई। वैदिक मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कपाट खोले गए। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को खोले जाएंगे, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को खुलेंगे।

मध्यस्थता सम्मेलन

भारतीय मध्यस्थता संघ का सम्मेलन तीन मई को नई दिल्ली में होगा। इसका आयोजन भारतीय अटॉर्नी जनरल कार्यालय तथा विधि और न्याय मंत्रालय कर रहे हैं। नई दिल्ली में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में मध्यस्थता संस्थान एक साथ आ सकेंगे और मध्यस्थता प्रक्रिया से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणालियों पर चर्चा कर सकेंगे।

मौसम

प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। आज रतलाम, नीमच और मंदसौर में लू की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के करीब 40 जिलों में 2 और 3 मई को बूंदाबांदी हो सकती है। जिन जिलों में मौसम बदलेगा, उनमें भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर भी शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 2 मई को पश्चिमी विछोभ सक्रिय हो रहा है। जिसका असर अगले 3 दिन तक रह सकता है।

समाचार संक्षेप

- बुरहानपुर जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 31 मई तक जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जायेगा।
- मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 2 मई को पन्ना में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पंच–सरपंच सम्मेलन के कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- सागर में राजघाट रोड पर स्थित मेनमानी गोवर्धन पहाड़ी पर 50 करोड़ रुपये की लागत से इस्कॉन मंदिर का आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन करेंगे।

———————————